The Speaker on behalf of the House paid homage to the martyrs of the Freedom Movement-Shaheed Bhagat Singh,Shaheed Sukhdev and SaheedRajguru who got martyred on 23rd April 1931 and also made a reference to the passing away of Shri SatyabrataMukherjee,Shri Sohan Potai and Shri Rangaswamy Dhruvanrayan.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, जैसा कि आप सब जानते हैं, वर्ष1931 में आज ही के दिन भारत माता के तीन महान सपूतों भगत सिंह,सुखदेव और राजगुरू ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी।

इन महान वीरों ने भारत की स्वतंत्रता के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अल्प आयु में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया और एक स्वाधीन एवं सशक्त राष्ट्र की नींव रखी। इन शहीदों की वीरता,शौर्य और देशभक्ति हमारे युवाओं और समस्त देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगी। इस अवसर पर,हम इन महान सपूतों की शहादत को नमन करते हैं।

हम सदन एवं समस्त राष्ट्र की ओर से इन अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और अपने जीवन में उनके महान विचारों एवं आदर्शों के अनुसरण का संकल्प लेते हैं।

माननीय सदस्यगण, अत्यंत दु:ख के साथ मुझे सभा को हमारे तीन पूर्व साथियों के निधन के बारे में सूचित करना है।

श्री सत्यब्रत मुखर्जी पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से13वीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री मुखर्जी मानव संसाधन विकास संबंधी समिति के सदस्य थे।

उन्होंने रसायन और उर्वरक,सामाजिक न्याय और अधिकारिता,अंतरिक्ष,योजना,सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त प्रभार के साथ-साथ परमाणु ऊर्जा विभाग में केंद्रीय राज्य मंत्री के पद पर भी कार्य किया। श्री सत्यब्रत मुखर्जी का निधन3 मार्च, 2023 को90 वर्ष की आयु में कोलकाता में हुआ।

श्री सोहन पोटाई अविभाजित मध्य प्रदेश राज्य के कांकेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से12वीं और13वीं लोक सभा के सदस्य थे तथा छत्तीसगढ़ के कांकेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से14वीं और 15वीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री पोटाई ने रेलवे,सूचना प्रौद्योगिकी,अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण तथा खाद्य उपभोक्ता मामलों और सार्वजनिक वितरण संबंधी समितियों के सदस्य के रूप में कार्य किया। श्री सोहन पोटाई का निधन9 मार्च, 2023 को64 वर्ष की आयु में कांकेर में हुआ।

श्री रंगास्वामी ध्रुवनारायण कर्नाटक के चामराजनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से15वीं और16वीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री ध्रुवनारायण रक्षा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता, प्राक्कलन, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण तथा रसायन और उर्वरक संबंधी समितियों के सदस्य थे। इससे पूर्व, श्री रंगास्वामी जी दो कार्यकाल के लिए कर्नाटक विधान सभा के सदस्य थे।

श्री रंगास्वामी ध्रुवनारायण का निधन11 मार्च, 2023 को61 वर्ष की आयु में मैसूर मेंहुआ।

यह सभा हमारे पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करती है। यह सभा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती है।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं और हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के लिए कुछ देर मौन रहेगी।

The Members then stood in the silence for a short while.